①

पत्रांक – WII/RTI/CPEO/2021-22(Qtr-IV)/81 दिनांक –07.01.22

सेवा में,

सुश्री सुमन देवी
ग्राम प्रधान – ढाका
विकासखंड – चोलापुर
जनपद – वाराणसी

विषय – ग्राम पंचायत ढाका विकासखण्ड चोलापुर जिला वाराणसी के सम्बन्ध में सूचना के अधिकार प्राप्त विषयक

महोदया,

आपके द्वारा सूचना के अधिकार के तहत ग्राम पंचायत ढाका, विकासखण्ड़ चोलापुर के सम्बन्ध में 04 बिन्दुओं पर मांगी गई सूचना बिन्दुवार निम्नवत है–

बिंदु संख्या 1 – नमामि गंगे परियोजना के अन्तर्गत संस्थान द्वारा सत्र 2020–21 में ग्राम सभा ढाका में गंगा एवं जैव विविधता संरक्षण से संबन्धित जागरूकता गतिविधि एवं अन्य सामुदायिक सहभागिता कार्यक्रम चलाए गये। कार्यक्रमों के खर्च का भुगतान "गंगा नदी बेसिन में समुदाय आधारित जलीय प्रजातियों का संरक्षण और पहुँच" के अंतर्गत किया जाता है। ग्राम सभा ढाका के लिये अलग से कोई मद निर्धारित नहीं है।

बिंदु संख्या 2 – ग्राम पंचायत ढाका विकासखण्ड़ चोलापुर हेतु किसी भी कर्मचारी नियुक्ति नहीं की गई है, जनपद वाराणसी में संस्थान द्वारा संचालित कार्यक्रमो की देखरेख सुश्री सुनीता रावत, कम्यूनिटी ऑफिसर द्वारा की जा रही है।

बिंदु संख्या 3 – संस्थान द्वारा कराये जा रहे कार्यक्रम में ग्राम पंचायत ढाका की सहभागिता वांछित है, जिस हेतु वर्ष 2018 में ग्राम पंचायत के साथ एक समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किया गया है। समय–समय पर ग्राम प्रधान या उसके प्रतिनिधि के साथ बैठक कर आवश्यक सूचनाएं साझा की जाती हैं, कार्यक्रम के अन्तर्गत वित्तीय व्यय हेतु परिचालन (Oprational) मद के अन्तर्गत जैव विविधता संरक्षण हेतु जागरूकता एवं सामुदायिक प्रतिभागिता सुनिश्चित करने संबंधी गतिविधियां संचालित की जाती हैं।

बिंदु संख्या 4 – नवीन ग्राम पंचायत के गठन के बाद से आज तक संस्थान के कार्यकर्ता द्वारा सम्पर्क विवरण निम्नवत है–

INFORMATION PROVIDED
UNDER RTI

WILDLIFE INSTITUTE OF INDIA
CHANDRABANI DEHRADUN

| क. सं. | दिनांक | सम्पर्क | स्थान | विषय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 07-07-2021 | नव निर्वाचित प्रधान | प्रधान का आवास | परामर्शी बैठक |
| 2 | 12-08-2021 | प्रधानपति | गौरी शंकर महादेव मंदिर | क्षेत्र भ्रमण |
| 3 | 12-09-2021 | प्रधानपति | प्रधान का आवास | परामर्शी बैठक। स्वंय सहायता समूह की महिलाओं के आजीविका संबंधी कार्यों हेतु ग्राम में एस0आर0एल0एम द्वारा निर्मित भवन में स्थान देने और आजीविका संबंधी कार्यों को बढ़ावा देने हेतु महिलाओं के साथ बैठक करने पर चर्चा की गई। |
| 4 | 16-09-2021 | प्रधानपति | एस0आर0एल0एम भवन | स्वंय सहायता समूह की महिलाओं के साथ बैठक की गई जिसमें प्रधानपति के द्वारा प्रतिभाग किया गया। |
| 5 | 16-12-2021 | प्रधानपति | प्रधान का आवास | दूरभाष से बातचीत एवं वट्सऐप से गंगा जैव विविधता जागरूकता मेला में शामिल होने हेतु आमंत्रण पत्र भेजा गया। |
| 6 | 17-12-2021 | प्रधानपति | प्रधान का आवास | ग्राम प्रधान के द्वारा कोई बात नहीं की गई। प्रधानपति से घर पर नहीं मिले, उनसे दूरभाष पर बात की गई। |
| 7 | 18-12-2021 | प्रधानपति | प्रधान का आवास | ग्राम प्रधान के द्वारा कोई बात नही की गई। प्रधानपति से दूरभाष पर बात की गई। |
| 8 | 19-12-2021 | प्रधानपति | प्रधान का आवास | ग्राम प्रधान के द्वारा कोई बात नही की गई। प्रधानपति से दूरभाष पर बात की गई। |
| 9 | 20-12-2021 | प्रधानपति | प्रधान का आवास | ग्राम प्रधान के द्वारा कोई बात नहीं की गई। प्रधानपति द्वारा कार्यक्रम में आने की स्वीकृति दी गई परंतु प्रतिभाग नहीं किया गया। |

INFORMATION PROVIDED UNDER RTI

WILDLIFE INSTITUTE OF INDIA • CHANDRABANI DEHRADUN

संस्थान के कार्यकर्ताओं के द्वारा बार–बार नवीन प्रधान से बैठक की कोशिश की गई परन्तु कई बार उनके आवास पर जाने के बाद भी ग्राम प्रधान केवल एक ही बैठक में शामिल रही व अन्य समय केवल प्रधानपति द्वारा ही कार्यकर्ताओं के साथ बैठक/चर्चा की गई। वर्तमान में ग्राम ढाका में गंगा एवं जैवविविधता संरक्षण पर जागरूकता संबंधी कार्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं जिनमें प्रमुख रूप से बैठक, कार्यशाला, प्रशिक्षण, दीवर लेखन, रैली, स्वच्छता अभियान, जागरूकता मेला, जलज सफारी, कठपुतली कार्यक्रम, मोबाइल प्रदर्शनी, विद्यालय में बाल गंगा प्रहरी कार्यक्रम, जागरूकता प्रतियोगिता आदि शामिल हैं।

लोक सूचना अधिकारी

ATTESTED

CPIO, Wild Life Institute of India, Dehradun

WILDLIFE INSTITUTE OF INDIA
CHANDRABANI DEHRADUN

INFORMATION PROVIDED
UNDER RTI